शुक्रवार
नालन्दा, 31.01.2025
नालन्दा नं0-1 अखबार

अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा

पेज-01 वर्ष:1, अंक:6
www.apnanalanda.com

## इंटरमीडिएट परीक्षाः-41 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में 42,357 परीक्षार्थी होंगे शामिल



**बिहारशरीफ अपना नालंदा।** आगामी इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को नगर भवन, बिहारशरीफ में एक ब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता अपर समाहर्ता मंजीत कुमार ने की, जिसमें संबंधित केंद्राधीक्षकों एवं दंडाधिकारियों को परीक्षा संचालन से जुड़े महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश दिए गए। 1 फरवरी से 15 फरवरी 2025 तक दो पालियों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा के लिए जिले में 41 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें बिहारशरीफ में 32, राजगीर में 4 और हिलसा में 5 केंद्र शामिल हैं। छात्राओं के लिए 18 और छात्रों के लिए 23 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इस वर्ष कुल 42,357 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे, जिनमें 22,541 छात्र और 19,816 छात्राएं हैं। सख्त नियम और निगरानी व्यवस्था परीक्षा केंद्रों पर कदाचारमुक्त परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई कड़े कदम उठाए गए हैं। परीक्षार्थियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल, जूते–मोजे पहनकर प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। छात्रों को केवल चप्पल पहनकर परीक्षा केंद्र में आने की अनुमति होगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और सतत वीडियोग्राफी की जाएगी। परीक्षा के दौरान 218 स्टैटिक दंडाधिकारी, 38 गश्ती दल दंडाधिकारी, 20 उड़नदस्ता (जोनल दंडाधिकारी) तथा 7 सुपर जोनल दंडाधिकारी तैनात रहेंगे, जो केंद्रों का निरीक्षण करेंगे और कदाचारमुक्त परीक्षा सुनिश्चित करेंगे। प्रवेश और सुरक्षा व्यवस्था परीक्षा के दौरान केंद्र के 500 मीटर के दायरे में धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। सभी परीक्षार्थियों की गहन चेकिंग होगी, जिसके लिए महिला परीक्षार्थियों की जांच महिला दंडाधिकारी और महिला पुलिस बल द्वारा की जाएगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिस बल तैनात रहेगा। अन्य दिशा–निर्देश अपर समाहर्ता ने फोटोस्टेट/स्टेशनरी की दुकानों और कोचिंग संस्थानों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। साथ ही परीक्षा केंद्रों के भीतर एवं आसपास की निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में जिला गोपनीय शाखा के विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, संबंधित केंद्राधीक्षक, दंडाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मोरा गांव की बहू सोनल रानी बनीं अनुमंडल कृषि पदाधिकारी



**बिहारशरीफ अपना नालंदा।** राजगीर प्रखंड के मोरा गांव की बहू सोनल रानी ने बिहार कृषि सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने ससुराल और मायके का नाम रोशन किया है। किसान परिवार की बेटी होते हुए उन्होंने अनुमंडल कृषि पदाधिकारी का पद प्राप्त कर ग्रामीण छात्रों के लिए प्रेरणा स्थापित की है। उन्होंने अपनी कैटेगरी में आठवां रैंक हासिल किया है। सोनल रानी के पति अमितेष रंजन वर्तमान में झारखंड के साहेबगंज जिले में जिला कृषि पदाधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। उनके ससुर अनिल प्रसाद सेवानिवृत्त कर्मी हैं, जबकि सास निर्मला सिन्हा कुशल गृहिणी हैं। सोनल के पिता भगवानपुर निवासी बालमुकुंद सिंह किसान हैं और माता बेबी कुमारी गृहिणी हैं। सोनल ने प्रारंभिक शिक्षा अपने गांव से प्राप्त की। उन्होंने झांसी के रानी लक्ष्मीबाई कॉलेज से कृषि स्नातक और समस्तीपुर के पूसा विश्वविद्यालय से मृदा विज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की। 2022 में उनका चयन यूनियन बैंक में ग्रामीण विकास अधिकारी के रूप में हुआ। बैंक में कार्यरत रहते हुए भी उन्होंने पढ़ाई जारी रखी और यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार के सहयोग और सेल्फ स्टडी को देते हुए कहा कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

## बैंक ऋण बकाया मामले में दो वारंटी गिरफ्तार

**बिंद अपना नालंदा।** स्थानीय पुलिस ने गुरुवार को बैंक ऋण नहीं चुकाने के मामले में दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आरोपी दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक से ऋण लेकर उसे समय पर चुकाने में विफल रहे थे, जिसके कारण उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव निवासी कमला सिंह के पुत्र कृष्ण मुरारी सिंह तथा बिंद गांव निवासी कैलाश प्रसाद के पुत्र संजय कुमार शामिल हैं। थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि कृष्ण मुरारी सिंह पर दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक का लगभग 2 लाख रुपए और संजय कुमार पर 1 लाख 47 हजार 717 रुपए का ऋण बकाया था। बैंक की ओर से लगातार ऋण अदायगी के लिए नोटिस भेजे जाने के बावजूद दोनों ने राशि जमा नहीं की, जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## पैक्स चुनाव में नए चेहरों का दबदबा, मुरौरा में सतीश कुमार ने रचा इतिहास



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिले में हुए 12 पैक्सों के चुनाव की मतगणना बुधवार देर रात 2 बजे तक जारी रही। इस चुनाव में अधिकतर स्थानों पर नए चेहरों को जीत का जनादेश मिला। सदर प्रखंड के तीन पैक्सों में से दो पर नए उम्मीदवारों ने बाजी मारी। जीतने वाले प्रमुख उम्मीदवार:राणाबिगहा पैक्स में विनोद कुमार ने रणवीर कुमार सिन्हा को हराकर जीत हासिल की। वियाबानी पैक्स से जयराम कुमार ने विनोद कुमार को पराजित किया। मुरौरा पैक्स में सतीश कुमार ने लगातार चौथी बार जीत दर्ज कर रिकॉर्ड बनाया। उन्हें 520 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी रवींद्र कुमार को 385 मत मिले। मुरौरा प्रबंध कार्यकारिणी में विजयी उम्मीदवार:प्रदीप कुमार, विनोद कुमार, बबलू कुमार, ब्यूटी कुमारी, मेनका कुमारी, सोनी कुमारी, शशिचंद्र कुमार, कौशल कुमार, पूजा कुमारी, प्रदीप पासवान, संगीता कुमारी। अन्य महत्वपूर्ण जीतें: हरनौत के बस्ती पैक्स से दिलीप कुमार ने जीत दर्ज की, उनके प्रतिद्वंद्वी अरविंद कुमार को 115 वोट मिले। नेहुसा पैक्स में विपिन कुमार ने 140 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। गिरियक के पुरैनी पैक्स में कौशल कुमार ने अपने मामा एवं निवर्तमान अध्यक्ष अरविंद कुमार को 56 वोटों से हराकर जीत हासिल की। इस सीट पर रामेश्वर प्रसाद तीसरे स्थान पर रहे। जीत के बाद विजयी प्रत्याशियों ने इसे पैक्स के विकास और पारदर्शिता की दिशा में नई पहल करार दिया।

## संतुलित खाद प्रयोग से ही मिट्टी की गुणवत्ता और किसान की आय होगी सुरक्षित – डॉ. रणधीर कुमार



(अपना नालंदा)। किसान अपने खेतों में अंधाधुंध रासायनिक खादों का उपयोग न करें, बल्कि संतुलित मात्रा में खाद का प्रयोग करें ताकि मिट्टी की उर्वरता बनी रहे और खेती की लागत में कमी आए। यह बात नालंदा उद्यान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणधीर कुमार ने 15 दिवसीय इनपुट डीलर प्रशिक्षण के समापन और प्रमाण पत्र वितरण समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इनपुट डीलर किसानों के कृषि डॉक्टर होते हैं। जब भी किसानों की फसलों में कोई समस्या आती है, तो वे सबसे पहले दुकानदारों के पास पहुंचते हैं। ऐसे में इनपुट डीलरों का यह कर्तव्य बनता है कि वे किसानों को सही मार्गदर्शन दें, रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग से बचने की सलाह दें और जैविक व संतुलित उर्वरकों का उपयोग बढ़ाने पर जोर दें। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि महाविद्यालय जल्द ही किसानों के लिए ड्रोन तकनीक उपलब्ध कराएगा, जिससे कम लागत में उनके खेतों में छिड़काव किया जा सकेगा। किसानों को नई तकनीकों का उपयोग करना होगा दृ मुखिया अन्नू सिंह समारोह के मुख्य अतिथि चंडासी पंचायत की मुखिया अन्नू सिंह ने कहा कि किसानी घाटे का सौदा बनती जा रही है। किसानों को पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर नई तकनीक और कृषि वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में खेती करनी होगी ताकि लागत कम हो और मुनाफा अधिक मिले। उन्होंने किसानों को नैनो यूरिया और नैनो डीएपी जैसे उर्वरकों के प्रयोग पर जोर देने की सलाह दी ताकि खेती की लागत में कमी लाई जा सके। फसल अवशेष न जलाएं, मिट्टी और पर्यावरण को बचाएं दृ वैज्ञानिक संतोष कुमार चौधरी नोडल पदाधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिक संतोष कुमार चौधरी ने कहा कि किसानों द्वारा अंधाधुंध यूरिया के प्रयोग से मिट्टी की गुणवत्ता लगातार गिर रही है। इसके अलावा, धान और गेहूं की कटाई के बाद किसान अवशेष जलाकर मित्र कीटों को नष्ट कर रहे हैं, जिससे मिट्टी का पीएच स्तर बिगड़ रहा है और वायु प्रदूषण भी बढ़ रहा है। उन्होंने किसानों से फसल अवशेष न जलाने और जैविक खादों के प्रयोग को बढ़ावा देने की अपील की। खाद की सही मात्रा का प्रयोग करें दृ डॉ. विनोद कुमार वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि इनपुट डीलरों को किसानों को सही मात्रा में खाद के उपयोग के बारे में जागरूक करना चाहिए। संतुलित खाद प्रयोग से न केवल फसल उत्पादन में वृद्धि होगी बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहेगी। इस अवसर पर डॉ. अजित कुमार, डॉ. एस. आजाद, डॉ. आनंद, डॉ. अंकेश, डॉ. सीमा कुमार, डॉ. महेश कुमार और पूर्व अंधना पंचायत के मुखिया रणधीर कुमार भी उपस्थित थे। सभी विशेषज्ञों ने किसानों से संतुलित उर्वरकों के उपयोग और जैविक खेती को अपनाने की अपील की।

apnanalandaofficial881@gmail.com 70705 72018

# पीएचसी में शहीद दिवस पर ली गई कुष्ठ उन्मूलन की शपथ

**थरथरी अपना नालंदा।**
महात्मा गांधी की पुण्यतिथि और शहीद दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), थरथरी में एक विशेष शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल कर्मियों को कुष्ठ रोग उन्मूलन और भेदभाव मिटाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. रवि रंजन ने कहा कि विकसित भारत अभियान के तहत थरथरी को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग की पहचान आसान है और यह पूरी तरह से इलाज योग्य है। इसके उन्मूलन के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों का उपयोग किया जाएगा। अस्पताल कर्मियों ने प्रतिज्ञा ली कि वे कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करेंगे और न ही किसी अन्य को ऐसा करने देंगे। साथ ही, कुष्ठ रोगियों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

# नव नालंदा महाविहार में भारतीय विदेश सेवा प्रशिक्षु अधिकारियों का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संवाद



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नव नालंदा महाविहार सम विश्वविद्यालय, नालंदा में दो दिवसीय ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सुषमा स्वराज विदेश सेवा संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे भारतीय विदेश सेवा (फै) के प्रशिक्षु अधिकारी उत्कर्ष राय, अमन सौरभ, हर्ष, आकांक्षा, अन्नपूर्णा सिंह, सोनम तोपके, और जयश्री प्रधान ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए नव नालंदा महाविहार के कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने इन प्रशिक्षु अधिकारियों का स्वागत किया और प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय तथा नव नालंदा महाविहार की शैक्षिक परंपरा और ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन विश्वविद्यालयों ने भारतीय संस्कृति, सभ्यता और बौद्ध परंपरा को वैश्विक स्तर पर प्रोत्साहित किया। कुलपति ने यह भी बताया कि नव नालंदा महाविहार बौद्ध देशों के साथ सांस्कृतिक और अकादमिक संबंध स्थापित कर भारत की सॉफ्ट डिप्लोमेसी को मजबूत कर रहा है। इस दौरान, प्रशिक्षु अधिकारियों और प्राध्यापकों के बीच नालंदा के ऐतिहासिक और भौगोलिक पहलुओं पर चर्चा हुई। इसके बाद, अधिकारियों ने प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष और ह्वेनसॉन्ग स्मृति भवन का भ्रमण किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. राणा पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने किया।

# महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर मध्य विद्यालय ककड़िया में श्रद्धांजलि सभा आयोजित




नूरसराय(अपना नालंदा)। स्थानीय मध्य विद्यालय ककड़िया में गुरुवार को महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार ने गांधी जी के सत्य और अहिंसा के विचारों को आज भी प्रासंगिक बताया। वरिष्ठ शिक्षक राकेश बिहारी शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गांधी जी की महानता और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने अहिंसा के बल पर भारत को आजादी दिलाई। शिक्षिका पूजा कुमारी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया, जबकि शिक्षक सच्चिदानंद प्रसाद ने गांधी जी के जीवन को सत्य, अहिंसा और मानवता का प्रतीक बताया। अन्य शिक्षकों ने भी गांधी जी के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी।इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक, छात्र एवं बाल संसद के सदस्य उपस्थित रहे और बापू के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# झंडोत्तोलन के दौरान हर्ष फायरिंग, दो गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)।
बिहारशरीफ के लहेरी थाना क्षेत्र में 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर रांची रोड स्थित मुन्ना लाल, महेश लाल आर्य एंड सन्स ज्वेलर्स के स्वामी द्वारा झंडोत्तोलन किया जा रहा था। इस दौरान उनके दो निजी गार्डों ने हर्ष फायरिंग की, जिसका वीडियो 29 जनवरी को रात 9/45 बजे लहेरी थाना के सरकारी मोबाइल पर प्राप्त हुआ। वीडियो के आधार पर लहेरी थाना में कांड संख्या–53/25 दर्ज कर आर्म्स एक्ट की धारा 25(9) के तहत मामला दर्ज किया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुसंधानकर्ता पु०अ०नि० सर्वेश कुमार ने दोनों आरोपियों को दुकान से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से दो एकनाली बंदूक और 16 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में बरामद हथियारों के लाइसेंस अवैध प्रतीत हुए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पिंटु कुमार (38 वर्ष), पिता हर्ष राज कुंवर, और धर्मेंद्र सिंह (48 वर्ष), पिता स्व. मैनेजर सिंह, निवासी नथमलपुर, थाना बरारा, जिला आरा के रूप में हुई। पुलिस अब उनके आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष रणजीत कुमार रजक, पु०अ०नि० सर्वेश कुमार, स०अ०नि० सरोज कुमार राय, सिपाही संदीपक कुमार और सिपाही पिटु कुमार शामिल थे।

# गोरमा पंचायत पैक्स समिति की बैठक में अनियमितता पर जांच की मांग



**सिलाव अपना नालंदा।**
सिलाव प्रखंड कार्यालय के सभागार में गोरमा पंचायत पैक्स प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता संजय उपाध्याय ने की। बैठक जिला सहकारिता पदाधिकारी नालंदा के निर्देशानुसार पर्यवेक्षक एवं प्रखंड प्रसार सहकारिता पदाधिकारी सिलाव की देखरेख में संपन्न हुई। बैठक में 2, 9 और 26 दिसंबर 2024 को हुई पिछली बैठकों की पुष्टि की गई। साथ ही, नए सदस्यों की स्वीकृति, धान अधिप्राप्ति, पीडीएस संचालन, बहुद्देशीय सहायक की अस्थायी नियुक्ति तथा नए प्रबंधक की नियुक्ति प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सदस्यों ने आरोप लगाया कि वर्तमान पैक्स अध्यक्ष अमन कुमार उर्फ निक्कू बिना प्रबंध कार्यकारिणी की सहमति के पीडीएस वितरण और धान अधिप्राप्ति कर रहे हैं, जिससे अनियमितता की आशंका है। सदस्यों ने उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए, पीडीएस एवं धान अधिप्राप्ति कार्य को प्रबंध समिति से कराने हेतु पर्यवेक्षक को प्रस्ताव सौंपा। इस पर वीसीओ ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक में प्रबंधक अवधेश प्रसाद, सदस्य सुरेंद्र पासवान, विकास कुमार, आरती देवी, सुबोध कुमार, राजेंद्र शर्मा, सुषमा देवी, अनीता देवी, रूबी देवी, निर्जला कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## आत्मसमर्पण

# आरोपी ने थाना में किया आत्मसमर्पण

**हरनौत अपना नालंदा।**
तेलमर थाना के ललुआडीह गांव के निवासी जितेन्द्र सिंह के पुत्र पिंटु कुमार ने बिहार थाना में गुरुवार को आत्म–समर्पण किया है।आरोपी पिछले तीन महीने से फरार चल रहा था।वही तेलमर थानाध्यक्ष शत्रुघ्न शाह ने बताया कि बीते तीन अक्तुबर के डेट में थाना में कांड संख्या 70/24 है। जिसमें धारा 126(2)/115(2)/74/352/351(2)बीएनएस एवं 8/12 पोक्सो एक्ट लगा। जिसको लेकर प्राथमिकी आरोपी ललुआडीह गांव के निवासी जितेन्द्र सिंह के 22 वर्षीय पुत्र पिंटु कुमार के घर पर विधिवत कुर्की किया जा रहा था। कुर्की के दौरान आरोपी पिंटू कुमार ने बिहार थाना में आत्मसमर्पण किया ।तत्पश्चात कुर्की की कारवाही स्थगित किया गया।

## जदयू के सहयोगी के मां के श्राद्धकर्म में शामिल हुए सांसद

**हरनौत अपना नालंदा।**
गुरुवार को नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार स्थानीय प्रखंड के मुढारी गांव पहुंचे ।वहां जदयू के सहयोगी नीतीश कुमार ( नंदू जी ) के मां के श्राद्धकर्म में शामिल होकर श्रद्धांजलिदी। इनके अलावा जदयू प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार सहित कई लोग शामिल होकर मृतका की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान सांसद ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर कुशल क्षेम पुछे।इस दौरान कार्यकर्ताओं से भी मूलाकात किया।







# सिलाव में शिक्षक अधिगम सामग्री मेला आयोजित, विद्यालयों को पुरस्कार मिले



बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। सिलाव प्रखंड स्थित रासबिहारी प्लस टू उच्च विद्यालय में गुरुवार को शिक्षक अधिगम सामग्री मेला का आयोजन किया गया। इसका उद्‍घाटन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मो. शाहनवाज, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक शैलेंद्र प्रसाद और संकुल समन्वयक श्याम किशोर प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मो. शाहनवाज ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से शिक्षकों की कुशलता में वृद्धि होती है, जिससे शिक्षण कार्य में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों के लिए सहायक साबित होते हैं। इस दौरान शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न मॉडल्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के बाद आदर्श मध्य विद्यालय नालंदा को प्रथम, नवसृजित प्राथमिक स्कूल मुजफ्फरपुर को द्वितीय, लक्ष्मीपुर को तृतीय, दामन खंधा को चतुर्थ, कपटीया को पंचम, सारीलचक को छठा और बड़गांव को सप्तम स्थान प्रदान किया गया। इस मौके पर मोहम्मद खालिद हुसैन, मुकेश चंद पांडे, रंजन कुमार, दीपक कुमार, दीपू कुमार, रविंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, उपेंद्र मिस्त्री समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# बिहारशरीफ कृषि बाजार समिति परिसर में अतिक्रमण हटाया, 20 अस्थायी दुकानें हटाई गई



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। अनुमंडल पदाधिकारी, बिहारशरीफ द्वारा स्मार्ट सिटी योजना के तहत कृषि उत्पादन बाजार समिति परिसर के निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान राज्य खाद्य निगम गोदाम की दीवार और बाजार समिति की उत्तरी चारदीवारी से सटी नवनिर्मित सड़क के आसपास अवैध अस्थायी दुकानों का निर्माण पाया गया ।इस संबंध में अतिक्रमणकारियों को बाजार समिति परिसर में बने वेंडिंग प्लेटफार्म पर व्यवसाय संचालित करने का निर्देश दिया गया था। एक माह बीत जाने के बाद भी अवैध कब्जा जारी था और सरकारी परिसंपत्ति पर अतिक्रमण कर व्यवसाय किया जा रहा था। 29 जनवरी 2025 को प्रशासन द्वारा दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करते हुए लगभग 20 अस्थायी दुकानों को हटाकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। साथ ही, बाजार समिति परिसर एवं आसपास मुख्य सड़कों के किनारे अतिक्रमण कर व्यापार करने वाले दुकानदारों को निर्देश दिया गया कि वे स्वेच्छा से अपनी दुकानें हटाएं और वेंडिंग प्लेटफार्म पर व्यवसाय संचालित करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि वेंडिंग प्लेटफार्म पर किसी भी प्रकार का स्थायी या अस्थायी निर्माण नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी इस तरह के अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी रहेंगे और अतिक्रमण अधिनियम के तहत दोषियों से जुर्माना वसूला जाएगा।

# बनौली गांव में नवनिर्मित मंदिर में बसंत पंचमी को होगी शिव परिवार और हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर प्रखंड के बनौली गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर में शिव परिवार और हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा बसंत पंचमी के दिन संपन्न होगी। इस अवसर पर वृंदावन के प्रसिद्ध कथा वाचक गौतम कश्यप जी महाराज द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जाएगा, जबकि आचार्य मनोज पांडे द्वारा वैदिक रीति से प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न कराया जाएगा। मंदिर निर्माण एवं आयोजन के प्रमुख संरक्षक वरीय वार्ड पार्षद महेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि यह मंदिर उनके द्वारा निर्मित कराया गया है, जिसमें शिव परिवार और हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ 30 जनवरी को 551 महिलाओं द्वारा निकाली गई भव्य कलश शोभायात्रा से हुआ, जो गाजे–बाजे के साथ निकली। कार्यक्रम विवरण: 30 जनवरीरू कलश यात्रा के उपरांत वरुण पूजा, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश और श्रीमद्भागवत कथा। 31 जनवरी: बेदी पूजन, जिलाअधिवास, रामायण पाठ एवं भागवत कथा। 1 फरवरी: अनादि दिवस, पुष्पा दिवस, गीता दिवस, पंचामृत दिवस, मिष्ठान दिवस, भजन–कीर्तन। 2 फरवरीरू शिव परिवार और हनुमान जी की नगर परिक्रमा, राज्य दिवस एवं भागवत कथा। 3 फरवरी (बसंत पंचमी): प्राण प्रतिष्ठा, रुद्राभिषेक, हवन, पूर्णाहुति, कन्या–भोजन एवं भंडारा। इस धार्मिक आयोजन में ई. संतोष कुमार, सरपंच राजीव रंजन कुमार, वार्ड पार्षद कौशल प्रसाद, पिंकू कुमार, शैलेंद्र कुमार, राम लखन प्रसाद, वासो महतो, रविंद्र यादव, रामनरेश प्रसाद निराला, रामबली यादव समेत पूरे गांव के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजकों ने बताया कि ग्रामवासियों के सहयोग से यह भव्य धार्मिक आयोजन संभव हुआ है।

# टीएलएम मेला 2.0 का आयोजन, शिक्षकों ने प्रस्तुत किए नवाचार



**थरथरी अपना नालंदा।** प्रखंड के कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर, उच्च माध्यमिक विद्यालय छरियारी बुजुर्ग में टीचिंग लर्निंग मैटेरियल (टीएलएम) मेला 2.0 का आयोजन किया गया। संकुल स्तर पर आयोजित इस मेले में संबंधित विद्यालयों के शिक्षकों ने सरल और सहज उपलब्ध सामग्रियों से स्वनिर्मित टीएलएम प्रस्तुत किए, जिससे कक्षा शिक्षण को प्रभावी और रोचक बनाया जा सके। कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पुष्पा कुमारी, संचालक एवं व्यवस्थापक सुनील कुमार तांती, समन्वयक रवि रंजन कुमार, स्वयंसेवी संस्था पिरामल फाउंडेशन के ईश्वर पाल, और सेवानिवृत्त शिक्षक श्यामनंदन शर्मा उपस्थित थे। निर्णायक मंडल ने सभी शिक्षकों द्वारा निर्मित टीएलएम का अवलोकन किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन विद्यालयों को सम्मानित किया। पुरस्कार विजेता विद्यालय: प्रथम स्थान: मध्य विद्यालय, छोटी छरियारी द्वितीय स्थानरू बुनियादी विद्यालय, बड़ी छरियारी तृतीय स्थान: प्राथमिक विद्यालय, नोनिया विगहा इन विद्यालयों को विजेता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जबकि सभी प्रतिभागी शिक्षकों को सहभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विवेक रंजन शर्मा, अनिल कुमार, बाल्मीकि प्रसाद, माणिक चंद गुप्ता, अभय कुमार, चंद्रमणि कुमार, धर्मेंद्र कुमार, पप्पू कुमार निरंजन, अंजलि कुमारी, रेखा कुमारी, सुनीता सिन्हा सहित कई शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।






# सब्जी मंडी पर नगर परिषद की कार्रवाई के खिलाफ जन पंचायत आयोजित



हिलसा (अपना नालंदा)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77वीं शहादत वर्षी पर भाकपा (माले) और किसान महासभा के नेतृत्व में सब्जी उत्पादक किसान, गद्दीदार, ठेला फुटपाथ दुकानदार और सब्जी–फल विक्रेताओं के समर्थन में जन पंचायत आयोजित की गई। यह पंचायत हिलसा सब्जी मंडी परिसर में हुई, जिसमें सैकड़ों किसानों और व्यापारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता रामप्रवेश चौधरी, राजकुमार रविदास, मंसूर आलम, भाकपा (माले) सचिव अरुण यादव, किसान महासभा के प्रखंड सचिव दिनेश कुमार यादव एवं खेत ग्रामीण मजदूर सभा के अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने की। उपस्थित किसानों ने नगर परिषद पर मनमानी कार्रवाई और जबरन वसूली का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वे 20–25 वर्षों से इसी स्थान पर सब्जी मंडी का संचालन कर रहे हैं और अपनी मेहनत से सड़क किनारे गड्ढों को भरकर मंडी का निर्माण किया है। लेकिन अब नगर परिषद बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए उन्हें उजाड़ने की कोशिश कर रही है और जुर्माना व डंडे का सहारा ले रही है। किसानों का आरोप है कि नगर परिषद सब्जी विक्रेताओं से प्रतिदिन रु50 और गद्दीदारों से रु20 की वसूली कर रही है, लेकिन शुद्ध पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं कराई गईं। नगर परिषद सभी विक्रेताओं को ककड़िया पुल के पास स्थानांतरित करना चाहती है, लेकिन वहां बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। भाकपा (माले) के प्रखंड सचिव अरुण यादव ने कहा कि बिहार सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है और गरीबों पर बुलडोजर चला रही है, जबकि सरकारी भूमि पर भू–माफियाओं और जनप्रतिनिधियों का कब्जा बना हुआ है। उन्होंने मांग की कि नगर परिषद बिना वैकल्पिक स्थान और सुविधाएं उपलब्ध कराए किसी को उजाड़ने का अधिकार नहीं रखती। किसान महासभा के प्रखंड सचिव दिनेश कुमार यादव ने कहा कि आसपास के सैकड़ों गांवों के किसान यहां सब्जी बेचने आते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में महिला किसान भी शामिल हैं। उन्होंने शीतगृह निर्माण और स्थायी मंडी की व्यवस्था की मांग की। साथ ही, चेतावनी दी कि अगर नगर परिषद ने किसानों और गद्दीदारों पर कार्रवाई बंद नहीं की, तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। किसान महासभा के प्रखंड सचिव दिनेश कुमार यादव ने कहा कि आसपास के सैकड़ों गांवों के किसान यहां सब्जी बेचने आते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में महिला किसान भी शामिल हैं। उन्होंने शीतगृह निर्माण और स्थायी मंडी की व्यवस्था की मांग की। साथ ही, चेतावनी दी कि अगर नगर परिषद ने किसानों और गद्दीदारों पर कार्रवाई बंद नहीं की, तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

# बिहार सेंट्रल स्कूल में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**बिहारशरीफ अपना नालंद।**

बिहार सेंट्रल स्कूल, शिक्षा नगर डोइया में गुरुवार को महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि को शहादत दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य श्याम सुंदर प्रसाद द्वारा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करने से हुई। इसके बाद विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों ने भी पुष्प अर्पित कर बापू को नमन किया। विद्यालय प्राचार्य ने अपने संबोधन में गांधी जी के सत्य और अहिंसा के संदेश पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने अपने संघर्ष से न केवल देश को आजादी दिलाई, बल्कि पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा की शक्ति से परिचित कराया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी गांधी जी के आदर्शों पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को सत्य, अहिंसा, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के महत्व को समझाते हुए उनके विचारों को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में छात्रों ने भी बढ़–चढ़कर भाग लिया। कुछ विद्यार्थियों ने गांधी जी की जीवनी पर भाषण प्रस्तुत किए, तो कुछ ने उनके चित्र बनाए और प्रदर्शित किए। इन चित्रों और प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने गांधी जी के संघर्षमय जीवन और उनके योगदान को दर्शाने का प्रयास किया। अंत में विद्यालय परिवार ने गांधी जी के विचारों को आत्मसात करने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बिहार में नीली क्रांति को बढ़ावा, मछली पालन के लिए हर दिशा से मिल रही है मदद – शिवनंदन प्रसाद



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार में मछली पालन के लिए बाजार और मजदूरों की कोई कमी नहीं है, जो मछली पालकों और विक्रेताओं के लिए एक सकारात्मक संकेत है। यह बातें मोहनपुर मत्स्य हैचरी के संचालक और बिहार जो मत्स्यजीवी सहयोग संघ पटना प्रमंडल के निदेशक शिवनंदन प्रसाद ने गुरूवार को आरा के मत्स्य प्रसार पदाधिकारी अजय शंकर और मधुरेष्ठ (मत्स्य विकास पदाधिकारी) के नेतृत्व में सिवान जिले के 180 किसानों के दल को प्रशिक्षण देते हुए कही। शिवनंदन प्रसाद ने बताया कि हरित और श्वेत क्रांति के बाद अब बिहार के किसान तेजी से नीली क्रांति की दिशा में बढ़ रहे हैं। राज्य और केंद्र सरकार किसानों को मछली पालन के क्षेत्र में अनुदान और प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बना रही है, जिससे इस व्यवसाय को बढ़ावा मिल रहा है और ग्राहकों तक पहुंचने के लिए मार्ग प्रशस्त हो रहा है। प्रसाद ने यह भी कहा कि बिहार में मछली विक्री के लिए पर्याप्त मांग है, और मजदूरों की उपलब्धता भी है, जो मछली विक्रेताओं के लिए एक बड़ी राहत है। प्रशिक्षण के बाद किसानों ने मोहनपुर मत्स्य हैचरी के विभिन्न तालाबों का भ्रमण किया, जहां उन्हें हैचरी प्रबंधन, तालाब की तैयारी, जलीय पौधों की सफाई, मछलियों का उन्मूलन, जीरा संचय, कृत्रिम भोजन, दबा छिड़काव, जीरा डालने की मात्रा, मत्स्य पालन, और बायोफ्लॉक विधि से मछली पालन के बारे में जानकारी दी गई। इस विधि से मछलियों को कम स्थान में पालन कर अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इस मौके पर गुड्डू राम, संकेत कुमार सिंह, गोलू कुमार, मनोज कुमार, निलेश कुमार, अमर कुमार राम, सुजीत कुमार, उमेश तिवारी, जयराम राम, और कमलेश कुमार समेत बड़ी संख्या में मछली पालन करने वाले किसान उपस्थित थे।

# सरस्वती पूजा एवं शब–ए–बारात को लेकर प्रशासन सतर्क, फ्लैग मार्च निकाला, ड्रोन से होगी निगरानी



**बिहारशरीफ अपना नालंदा।**

सरस्वती पूजा और शब–ए–बारात पर्व के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने नगर निगम क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर फ्लैग मार्च किया। इस दौरान रैपिड एक्शन फोर्स (त।थ) के जवान भी शामिल रहे। शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी और सिविल ड्रेस में पुलिस बल तैनात रहेंगे। सरस्वती पूजा को लेकर प्रशासनिक दिशानिर्देश:1. बिना अनुमति के मूर्ति स्थापना और जुलूस नहीं निकाला जा सकेगा। 2. डीजे का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। मानक से अधिक ध्वनि स्तर पर साउंड बजाने पर कार्रवाई होगी। 3. लाइसेंस में प्रतिमा स्थापना स्थल, तिथि, विसर्जन समय, मार्ग और प्रतिभागियों की संख्या स्पष्ट रहेगी। 10 जिम्मेदार व्यक्तियों का नाम और आधार संख्या भी अनिवार्य होगा। 4. माइक/लाउडस्पीकर के लिए सक्षम प्राधिकारी से अनुमति अनिवार्य होगी। 5. जुलूस का मार्ग पूर्व निर्धारित गणेश व दुर्गा पूजा के अनुसार रहेगा। 6. विसर्जन जुलूस में हथियार और प्रतिबंधित सामग्री पूरी तरह वर्जित रहेगी। 7. अश्लील या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले गाने, नारे, फ्लैक्स, बैनर आदि पर रोक रहेगी। 8. प्रशासन के निर्देशों का सख्ती से पालन करना अनिवार्य होगा। 9. पूजा स्थल पर 24•7 एक स्वयंसेवक की उपस्थिति अनिवार्य होगी, जिसकी जानकारी पंडाल पदाधिकारी को दी जाएगी। 10. किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत बीट प्रभारी या नियंत्रण कक्ष को दी जाए। 11. मणिराम अखाड़ा तालाब में सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार कार्य चल रहा है, इसलिए वहां प्रतिमा विसर्जन प्रतिबंधित रहेगा। पूजा समितियों को इसके लिए वैकल्पिक स्थल का उपयोग करना होगा। प्रशासन ने सभी पूजा समितियों, आम नागरिकों और आयोजकों से इन दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील की है, ताकि त्योहार सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके।

जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्वर से पंचम वर्ग तक
उपलब्ध सुविधाएँ
❖ शिशु स्तर से पंचम स्तर के बच्चों के पठन-पाठन की उत्तम व्यवस्था।
❖ बेहतर महौल में शिक्षण की व्यवस्था।
❖ C.C. T.V. कैमरा की व्यवस्था।
❖ स्मार्ट क्लास।
❖ सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था।
❖ खेल-खिलौना द्वारा शिशु शिक्षण की अनुपम व्यवस्था।
❖ उच्च स्तरी शिक्षकों की टीम
❖ खेल-कूद के लिए बड़ा मैदान।
नामांकन जारी है...

निदेशक : रणधीर रंजन
जानकी शिशु महाविहार
आधुनिक तकनीक
उर्जावान समूह
गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
सृजनात्मक शिक्षण
प्रगति कार्यक्रम
9304290818, 7652231781
पता : भैंसासूर मोड़ से उत्तर, कागजी महल्ला, बिहारशरीफ (नालंदा)